# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 296 / कु0स0का0 / 2022–23 दिनांक 14.04.2022

सेवा में,

सचिव / प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

विषय –बी0एड के अतिरिक्त नये महाविद्यालय / संस्थान खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालय / संस्थानों में स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ऐसे महाविद्यालय जिन्हें इच्छित पाठ्यक्रम में अनापत्ति प्राप्त है किन्तु किसी कारण से आवेदन नहीं कर पाये है अथवा नया महाविद्यालय खोले जाने हेतु अनापत्ति प्राप्त है, किन्तु आवेदन नहीं कर पाये हैं। ऐसे महाविद्यालयों को सम्बद्धता आवेदन हेतु सचिव उच्च शिक्षा के पत्र संख्या–314 / सत्तर–2–2022–16(11) / 2017 टी0सी0, दिनांक : 12 अप्रैल, 2022 द्वारा आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक : 20 अप्रैल, 2022 तक विस्तारित कर दी गयी है। अतः समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों से अपेक्षा है कि वे ऑनलाइन सम्बद्धता हेतु सक्रिय पोर्टल http://henoc.upsdc.gov.in पर अपना आवेदन / शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन फार्म का पंजीकरण शुल्क रू0 6,325 / – तथा नवीन सम्बद्धता, अतिरिक्त विषय, नये विषय हेतु सम्बद्धता शुल्क रू0 67,850 / – एवं सीट वृद्धि, अतिरिक्त सैक्शन(नया सैक्शन) हेतु सम्बद्धता शुल्क रू0 33,925 / – ऑनलाइन ही जमा करना सुनिश्चित करे। साथ ही परास्नातक पाठ्यक्रमों हेतु पृथक–पृथक विषयों में आवेदन करने के लिए पंजीकरण शुल्क एवं सम्बद्धता शुल्क जमा करना अनिवार्य हैं। शुल्क RTGS/NEFT के माध्यम से जमा कराया जायेगा, जिसका विवरण निम्न प्रकार है–

| | |
|---|---|
| Account Name | Maa Shakumbhari University Saharanpur |
| Account Number | 0478100100000827 |
| IFSC Code | PUNB0047810 |
| Bank | Punjab National Bank |
| Branch Address | Village & Post-Punwarka, Janta Road, District- Saharanpur |

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2 कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3 वित्त अधिकारी, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
4 सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों(सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली) को इस आशय से प्रेषित कि वह कृपया उपर्युक्त सूचना अपने सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

कुलसचिव

संख्या– 314/सत्तर–2–2022–16(11)/2017 टी0सी0

प्रेषक,

शमीम अहमद खान,
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–2 लखनऊः दिनांकः 12 अप्रैल, 2022

विषयः– उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों/ पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु (शैक्षिक शिक्षा सत्र 2022–23 के लिए) सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु समय–सारिणी।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1168/सत्तर–2–2021–16(11)/2017 टी.सी. दिनांक 27.10.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु शैक्षिक शिक्षा सत्र, 2022–23 के लिये उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु समय–सारिणी निर्धारित की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शैक्षिक शिक्षा सत्र 2022–23 के लिये उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालयों के अनुरोध पर ऑनलाइन अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु विशेष परिस्थिति में शासन द्वारा सम्यक विचारोंपरान्त निम्नवत् संशोधित समय–सारिणी निर्धारित की गई हैः–

| क्र0 | कार्यवाही | निर्धारित समय–सारिणी | संशोधित समय–सारिणी |
|---|---|---|---|
| 1 | निरीक्षण मण्डल का गठन। | दिनांक 28 फरवरी, 2022 तक<br>(1) अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 18 फरवरी तक निरीक्षण मण्डल गठन के संबंध में आवेदन किया जायेगा । | दिनांक 30 अप्रैल, 2022 तक<br>अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 20 अप्रैल तक निरीक्षण मण्डल गठन के संबंध में आवेदन किया जायेगा । |
| 2 | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना। | दिनांक 31 मार्च, 2022 तक। | दिनांक 14 मई, 2022 तक। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 15 अप्रैल, 2022 तक। | दिनांक 20 मई, 2022 तक। |
| 4 | शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 15 मई, 2022 तक। | दिनांक 30 मई, 2022 तक। |
| 5 | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 15 जून, 2022 तक। | दिनांक 15 जून, 2022 तक। |

कृपया उक्त समय–सारणी एवं निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें तथा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए प्रकरणों का निस्तारण ससमय करें। आगामी शैक्षिक सत्र एवं शैक्षिक गुणवत्ता बनाये रखने के दृष्टिगत उपरोक्त समय–सारिणी में भविष्य में कोई वृद्धि नहीं की जायेगी।

भवदीय,

( शमीम अहमद खान )
सचिव।

संख्या– 314 (1)/सत्तर–2–2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रमुख सचिव, श्री कुलाधिपति, उ0प्र0।
2– समस्त कुलपति, राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
4– निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5– वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी.,योजना भवन, लखनऊ।
6– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी/निजी सचिव, मा0 मंत्री जी।
7– अपर सचिव उच्च शिक्षा परिषद, इंदिरा भवन, लखनऊ को वेबसाइट पर प्रदर्शन हेतु।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(श्रवण कुमार सिंह )
विशेष सचिव।

Draft-2019-20-21-22(P)